प्रादेशिक समाचार
11.02.2026 (दोपहर– 1455 बजे)

लोकसभा में केंद्रीय बजट 2026–27 पर चर्चा दोबारा शुरू हो गई है। गौरतलब है कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने पहली फरवरी को संसद में बजट पेश किया था। चर्चा में भाग लेते हुए, लोकजन शक्ति पार्टी–रामविलास के अरुण भारती ने इसे देश के विकास का बजट बताया। उन्होंने इसे दूरदर्शी और समावेशी बजट बताते हुए कहा कि यह वर्ष 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने का आधार बनेगा।

****

झारखंड हाईकोर्ट ने धनबाद में बढ़ते वायु प्रदूषण को लेकर जिला खनन पदाधिकारी से अवैध खनन पर जवाब मांगा है। इस मामले में दायर जनहित याचिका पर आज सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा कि अगर अवैध खनन हो रहा है तो उसे रोकने के लिए अबतक क्या कार्रवाई की गई है। चीफ जस्टिस एमएस सोनक की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने इन सभी बिंदुओं पर खनन पदाधिकारी को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। वहीं सरकार की ओर से शपथ पत्र दायर कर कोर्ट को बताया गया कि धनबाद में प्रदूषण रोकने के लिए कार्रवाई की जा रही है।

****

राज्य के मंत्री चमरा लिंडा ने धरती आबा बिरसा मुंडा की परपोती जाउनी मुंडा से बातचीत कर शिक्षा समेत मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने का भरोसा दिया है।

****

करोड़ों रुपए के कथित वित्तीय घोटाला के एक मामले में तमिलनाडु सीआईडी की टीम ने आज गिरिडीह जिले के जमुआ थाना क्षेत्र से गुलशन दाराद को गिरफतार किया है। तमिलनाडु सीआईडी की टीम ने उसे हिरासत में लिया और ट्रांजिट रिमांड पर अपने साथ कोयंबटूर ले गयी। जमुआ थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपित समेत कई अन्य के खिलाफ कोयंबटूर में मोटी रकम की हेराफेरी करने का मामला दर्ज है। इधर आरोपी के परिजनों के अनुसार गुलशन को साजिश के तहत फंसाने का प्रयास किया जा रहा है।

****

राजधानी रांची और आसपास के रेल नेटवर्क को मजबूत बनाने की पहल शुरू कर दी गयी है। इसके तहत रांची से हटिया स्टेशन के बीच रेलवे ट्रैक को फोर–लाइन में विकसित किया जायेगा। इसके लिए फाइनल लोकेशन सर्वे को मंजूरी मिल गयी है। रांची रेल मंडल की डीआरएम करूणा निधि सिंह ने बताया कि रांची–हटिया फोरलाइन बनने से ट्रेनों का परिचालन बढ़ेगा। वहीं रांची से टोरी, मूरी से चांडिल और मूरी से बरकाकाना लाइन के दोहरी लाइन में विकसित होने से क्षेत्र का रेल नेटवर्क अधिक सुदृढ़ होगा। साथ ही नयी ट्रेनों के संचालन की संभावना बढ़ेगी।

****

दुमका जिले के जामा थाना क्षेत्र में मंगलवार देर रात एक सड़क हादसे में बाइक पर सवार दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसकी हालत चिंताजनक बनी हुई है। यह हादसा दुमका–भागलपुर मुख्य पथ पर भूरभूरी पुल के समीप हुआ। मृतकों में जामा थाना क्षेत्र के कोल्हरीया गांव निवासी करण मांझी और कटनियां गांव निवासी सोनू कुंवर हैं। वहीं जामा निवासी टमटम कुमार इस दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया है।

********समाप्त*********